दिनांकः 25.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सौवीं जयंती पर राष्ट्र, आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है–देशभर में मनाया जा रहा है सुशासन दिवस।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज खजुराहो में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे–देश की नदियों को जोड़ने वाली पहली राष्ट्रीय संयोजन परियोजना का शिलान्यास करेंगे।

- देश–दुनिया में आज क्रिसमस की धूम–गिरिजाघरों में हो रहे विशेष आयोजन।

- प्रदेश में कल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना–कई जिलों में कोहरे से जनजीवन प्रभावित।

................

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आज सौवीं जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। यह दिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्री वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर नई दिल्ली स्थित उनके स्मारक सदैव अटल पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। देशभर में भी भारतीय जनता पार्टी और विभिन्न संगठनों की और से अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी जा रही है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री वाजपेयी को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें एक महान राजनेता बताया। अपने संदेश में श्री मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी को अनगिनत लोगों का प्रेरणा–स्रोत बताते हुए कहा कि भारत को 21वीं सदी में ले जाने के लिए राष्ट्र, अटलजी का सदैव आभारी रहेगा।
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पहली बार तकनीक को आम लोगों तक पहुंचाने का गंभीर प्रयास किया। उन्होंने वाजपेयी सरकार के दौरान किये गये राष्ट्र विकास के कार्यों को याद करते हुए लोगों से श्री वाजपेयी के आदर्शों को साकार करने और भारत के प्रति उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए समर्पित होने की अपील की।
पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सौवीं जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मध्यप्रदेश के खजुराहो में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। श्री मोदी केन–बेतवा नदी राष्ट्रीय संयोजन परियोजना का शिलान्यास करेंगे, जो राष्ट्रीय दृष्टिकोण योजना के अंतर्गत देश की नदियों को जोड़ने वाली पहली परियोजना है। इससे कई जिलों में किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी और पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध होगी।
अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी की स्मृति में, श्री मोदी एक डाक टिकट और सिक्का् भी जारी करेंगे। वे ग्राम पंचायतों के लिए एक हजार 153 अटल ग्राम सुशासन भवनों की आधारशिला भी रखेंगे।
सुशासन दिवस के अवसर पर आज जयपुर सहित जिला मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम रखे गये हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। सरहदी जिले बाड़मेर के कलेक्ट्रेट सभागार में हो रहे ज़िला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इस दौरान उपस्थित लोगों को सुशासन की शपथ दिलाई जाएगी।

................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश में पांच राज्यपालों की नियुक्ति की है। मिज़ोरम के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति अब ओडिशा के राज्यपाल होंगे। वहां राज्यपाल रघुबर दास के इस्तीफे के बाद श्री कंभमपति को राज्यपाल नियुक्त किया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वी.के. सिंह को मिज़ोरम का राज्यपाल बनाया गया है। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वे आरिफ मोहम्मद खान का स्थान लेंगे जिन्हें अब बिहार का राज्यपाल बनाया गया है। पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

................

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में दस हजार से अधिक नवनिर्मित बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि, डेयरी और मत्स्य–पालन सहकारी समितिया राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में, नवगठित सहकारिता समितियों को पंजीकरण प्रमाण–पत्र, रू–पे किसान क्रेडिट कार्ड और माइक्रो एटीएम भी वितरित करेंगे। इससे पंचायतों में क्रेडिट सुविधा उपलब्ध होगी, वित्तीाय समावेशन को बढावा मिलेगा और ग्रामीणों के लिए योजनाओं का लाभ उठाना आसान होगा।

................

और अब खबर क्रिसमस की –

प्रभु यीशु का जन्मदिवस, क्रिसमस आज देश दुनिया में परम्परागत रूप से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गिरिजाघरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। कल शाम से ही क्रिसमस मनाने को लेकर ईसाई समुदाय के लोगों में विशेष उल्लास बना हुआ है। कैरल्स के साथ विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित हो रही हैं। क्रिसमस ट्री और केक को लेकर भी बच्चों के साथ बडों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने लोगों से ईसा मसीह के प्रेम और सौहार्द के संदेश को आत्मसात करने पर बल दिया है। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने अपने संदेश में लोगों से वंचितों के प्रति संजीदा रहने और एक ऐसे समावेशी समाज निर्माण के लिए समर्पित होने की अपील की है जिसमें हर नागरिक समृद्ध हो।

इधर, राजधानी जयपुर सहित प्रदेशभर में सर्दी की छुटियों और नए साल के स्वागत को लेकर पर्यटक भी क्रिसमस का जश्न मना रहे हैं। सरहदी जिले जैसलमेर में परवान पर चल रहे पर्यटन सीजन में क्रिसमस की छुटियां मनाने, बड़ी संख्या में देशी–विदेशी सैलानी पहुंचे हैं। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

..............

सवाईमाधोपुर,उदयपुर और मांउट आबू में भी क्रिसमस का जश्न मनाने बडी संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं।

................

प्रदेश में कल से एक बार फिर नया पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके असर से जयपुर सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि विक्षोभ के सक्रिय होने से उदयपुर, अजमेर, कोटा, जयपुर, भरतपुर व बीकानेर संभाग में मेघगर्जन के साथ मावठ के आसार हैं। उन्होंने बताया कि विक्षोभ का सर्वाधिक असर 27 दिसंबर को रह सकता है। इससे कहीं–कहीं ओलावृष्टि की भी आशंका है। विभाग ने राज्य में अगले एक–दो दिनों में कहीं–कहीं घना कोहरा छाये रहने की संभावना भी जताई है।

इधर, प्रदेश के कई भागों में कडाके की सर्दी का असर बना हुआ है। सरहदी जिलों में पड रही तेज सर्दी ने ठिठुरन बढा दी है। जैसलमेर और बाडमेर जिलों में दिन के समय भी सर्द हवाओं ने लोगों की दिनचर्या बदल दी है। हमारे बाडमेर संवाददाता ने बताया कि वहां आमजन सर्दी से बचाव के लिए तरह तरह के जतन करते नजर आ रहे हैं।

...............

श्रीगंगानगर, हनुमानगढ और आस–पास के इलाकों में भी ठंड के साथ कोहरे के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहां आज कोहरे के कारण दृश्यता कम रही।

................